भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2809
दिनांक 10 मार्च, 2026 / 19 फाल्गुन, 1947 (शक) को उत्तर के लिए

फोन छीनने के मामले

†2809. श्री माथेश्वरन वी. एस.:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जनवरी, 2024 से अब तक दिल्ली में फोन छीनने के कुल कितने मामले दर्ज किए गए हैं और पुलिस हेल्पलाइन द्वारा प्राथमिकी दर्ज की गई है; और

(ख) दिल्ली में जनवरी 2024 से अब तक कुल कितने छीने गए या चोरी हुए मोबाइल फोन को बरामद किया गया है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री नित्यानंद राय)

(क) एवं (ख): दिल्ली पुलिस ने सूचित किया है कि जनवरी 2024 से दिनांक 15.02.2026 के दौरान, फोन छीनने के कुल मामलों और प्राथमिकी दर्ज करने की कुल संख्या क्रमशः 9,460 और 9,436 है । छीने गए मोबाइलों में से बरामद मोबाइलों की कुल संख्या 3,950 है और चोरी हुए मोबाइलों में से बरामद मोबाइलों की कुल संख्या 13,222 है।

*****